CLIPPINGS

Client Calcutta Chamber of Commerce

Publication Prabhat Khabar

Events Unleashing India's Economic Potential

Date 9th August'2022

Page:- 05

launcherZ

Public Relations & Events

अखबार नहीं आंदोलन

प्रभात खबर

'भारत की अर्थ व्यवस्था अन्य देशों से बेहतर'

- कलकत्ता चैंबर का विशेष सत्र

कोलकाता. कलकत्ता चैंबर ऑफ कॉमर्स (सीसीसी) की ओर से सोमवार को 'भारत की आर्थिक क्षमता को बढ़ाने' विषय पर विशेष सत्र का आयोजन किया गया. इस अवसर पर भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे. इस सत्र के दौरान दुनिया में भारत की आर्थिक स्थिति पर ध्यान केंद्रित किया गया और इसे सुधारने के लिए क्या किया जा सकता है, इस पर विस्तार से चर्चा हुई. सत्र को संबोधित करते हुए वी अनंत नागेश्वरन ने कहा कि पूरी दुनिया की आर्थिक स्थिति क्या है, हम सभी जानते हैं. श्रीलंका की स्थिति सबसे बद्तर है. वहीं, बांग्लादेश की भी स्थिति कुछ बेहतर नहीं है. दुनिया के तमाम देशों की तुलना में भारत की आर्थिक स्थिति बेहतर है. अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) द्वारा यह देखा गया है कि भारत वित्तीय वर्ष 2021-2023 के लिए सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है. भारत ने विनिर्माण गतिविधि में बड़ा सुधार किया है और बैंक ऋण में वार्षिक वृद्धि भी बढ़ रही है. उन्होंने कहा कि भारत में लंबी अवधि के विदेशी निवेश का प्रवाह बढ़ रहा है.

Ground Floor ,12/1/9 Manohar Pukur Road Kolkata -700026- Ph:9831362041 email:Launcherz.kol@gmail.com